जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीविवि/दीक्षांत/2019/19 दिनांक :20/02/2019

//सूचना//

सत्र 2017-18 में विभिन्न परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम के आधार पर तैयार सूची में स्वर्ण पदक के योग्य पाये गये छात्र-छात्राओं के नाम की सूची विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

अ) **संकायगत स्वर्ण पदक के संबंध में जानकारी** - प्रावीण्यता सूची में **प्रथम स्थान** प्राप्त छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक की पात्रता आ जाती है। **यद्यपि यह भी संभव** है कि, किसी पाठ्यक्रम विशेष में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत भी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्राप्त नहीं हो पाये क्योंकि स्वर्ण पदक स्नातक एवं स्नातकोत्तर संकाय में पृथक-पृथक शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को प्रदान किया जाता है तथा एक संकाय में एक से अधिक पाठ्यक्रम हो सकते है जिनकी सामुहिक रूप से तुलना कर स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है।

ब) **प्रायोजित स्वर्ण पदक के संबंध में जानकारी** - स्वर्ण पदक सूची में कुछ परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जा रहा है जिनके लिये विभिन्न दान-दाताओं द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान करने हेतु दान राशि दी गई है। ये पदक **प्रायोजित स्वर्ण पदक** की श्रेणी में आते है।

स) कुछ छात्र-छात्राओं को दान-दाता द्वारा दी गई राशि से नकद पुरूस्कार भी प्रदान किये जाते है।

द) ऐसे छात्र-छात्राऐं जो स्वर्ण पदक हेतु योग्य पाये गये है उनको पृथक से सूचना प्रेषित की जा रही है तथापि वे इस सूचना के आधार पर ही दिनांक 28/02/2019 को संपन्न होने वाले दीक्षांत कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु नियामानुसार आवेदन करें तथा इस बावत् जानकारी कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय दूरभाष क्र. 0751-2442801 अथवा प्रभारी उपाधि शाखा श्री विकास चतुर्वेदी, मो. नं. 8821023614 पर दिनांक 25/02/2019 तक अपने आगमन की सूचना दें ताकि उनके लिये स्थान आरक्षित रखे जाने की व्यवस्था की जा सके।

द) संबंधित छात्र-छात्राऐं अपने साथ अभिभावक/पति/पत्नि को ला सकते है लेकिन वे कृपया यह सुनिश्चित करें कि, उनके साथ बच्चे न आवें।

क्रमशः......2

य) कार्यक्रम में निर्धारित भारतीय परिधान (पुरूषों के लिये सफेद कुर्ता-पजामा एवं महिलाओं के लिये सफेद सूट अथवा साड़ी) धारण कर उपस्थित होना अपेक्षित है। धरोधर राशि रूपये 1,000/- जमा कर उन्हें जैकेट, साफा आदि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा तथा कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय से प्राप्त सामग्री वापस करने के उपरान्त धरोहर राशि रूपये 1,000/- प्राप्त कर सकते है।

कुलसचिव

प्रति,

स्वर्ण पदक की सूची में उल्लेखित छात्र/छात्राओं के सूचनार्थ हेतु।

प्रतिलिपि,

1) परीक्षा नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2) उप-कुलसचिव, परीक्षा, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3) कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4) कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5) श्री संजय बरथरिया, की ओर इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को तत्काल विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड करें।

उप-कुलसचिव, प्रशासन